राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

संख्या– 190/2023

राजभवन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर <u>योग शिविर का आयोजन हुआ</u>

पटना, 21 जून, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन परिसर के लॉन में आयोजित योग शिविर में योगाभ्यास किया। उन्हें बिहार योग विद्यालय, मुंगेर द्वारा प्रशिक्षित संन्यासी धर्म विजय (श्री विजय शंकर), श्रीमती राजमणि, श्रीमती प्रियंका सिंह एवं सुश्री यशोधरा ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासनों, प्राणायाम, योगनिद्रा एवं ध्यान आदि का अभ्यास कराया।

इस योग शिविर में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू सहित राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी योगाभ्यास किया।

....